卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 157 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦16 मार्च 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## दिल्ली के सीएम केजरीवाल को कोर्ट से बड़ी राहत

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मिली जमानत

नई दिल्ली(उद संवाददाता)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट ने राहत दे दी है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) ने दिल्ली शराब घोटाले के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में समन पर पेश न होने पर ईडी द्वारा दर्ज दो शिकायतों के मामले में केजरीवाल को जमानत दे दी। अदालत द्वारा उन्हें जारी किए गए समन के बाद केजरीवाल कोर्ट में पेश हुए थे। एसीएमएम दिव्या मल्होत्रा ने केजरीवाल को जमानत दे दी। उन्होंने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 174 जमानती है और दोनों शिकायत मामलों में 15,000 हजार रुपये का बॉन्ड



देने का निर्देश दिया। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू, जोहेब हुसैन और साइमन बेंजामिन ईडी की ओर से पेश हुए जबकि वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश गुप्ता, अधिवक्ता राजीव मोहन, मोहम्मद इरशाद, मुदित जैन और संप्रिक्ता घोषाल अरविंद केजरीवाल की ओर से पेश हुए। वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री अदालत के सामने पेश हुए। कोर्ट ने उन्हें 15 हजार के निजी मुचलके और एक लाख की सिक्योरिटी पर जमानत दी। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने विभिन्न रूटों से लेकर कोर्ट तक सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए थे। सुबह सात बजे ही सड़कों और कोर्ट के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिए गए थे। आम आदमी पार्टी के लीगल हेड संजीव नासियार ने कहा अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल (शेष पृष्ठ सात पर)

# मशहूर गायिका अनुराधा पौडवाल भाजपा में शामिल

नई दिल्ली। चुनाव की तारीखों का ऐलान होने से कुछ घंटे पहले मशहूर गायिका अनुराधा पौडवाल भाजपा में शामिल हो गईं। भाजपा में शामिल होने पर गायिका अनुराधा पौडवाल ने कहा कि मुझे खुशी है कि मैं उस पार्टी में शामिल हो रही हूं जिसका




सनातन धर्म से गहरा संबंध है। यह मेरा सौभाग्य है कि मैं आज भाजपा में शामिल हो रही हूं।अनुराधा पौडवाल 90 के दशक की हिट गायिका हैं। अनुराधा अपने भक्ति गीतों के कारण काफी मशहूर हैं और उनकी लोकप्रियता उस दौरान चरम पर थी।

# मजदूर पर काल बनकर टूटा ओवरलोड डंपर

काशीपुर/बाजपुर(उद संवाददाता)। बाजपुर थानांतर्गत बन्ना खेड़ा पुलिस चौकी क्षेत्र में घर के सामने खड़े मजदूर



की अवैध खनन से ओवरलोड डंपर की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली थाना क्षेत्र के बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले गांव जोगीपुरा निवासी पप्पू सागर 26 वर्ष पुत्र स्वर्गीय कृष्णपाल गत शुक्रवार की शाम अपने घर के सामने खड़ा था इसी दौरान उधर से गुजर रहे अवैध (शेष पृष्ठ सात पर)

## क्लीनिक संचालक की संदिग्ध मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा क्षेत्र में एक क्लीनिक संचालक की संदिग्ध हालातों में मौत हो गयी। मृतक रात को खाना खाकर घर से निकला था उसके बाद वापस नहीं लोटा गौला नदी रपटा पुल के पास उसका शव बरामद किया गया। जानकारी के मुताबिक किच्छा क्षेत्र में गोला नदी रपटा पुल के पास शनिवार रात अज्ञात शव मिलने से सनसनी मिल गयी। सूचना पर एसआई मनोज कुमार सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे लिया। मृतक के पास कोई पहचान पत्र नहीं होने के कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो पा रही थी। जिस पर पुलिस ने सोशल मीडिया पर मृतक की फोटो डाली जिसके बाद मृतक की शिनाख्त 35 वर्षीय अली हसन पुत्र कल्लू (शेष पृष्ठ सात पर)

# ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से डंपर चालक की मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। बेटे को मोटरसाइकिल पर बिठाकर चीज दिलाने बाजार की ओर निकले डंपर चालक को अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली के चालक ने तेजी व लापरवाही से टक्कर मारकर मौत के घाट उतार दिया। बाइक पर सवार मासूम बच्चे की हालत एक प्राइवेट अस्पताल में गंभीर बनी है। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उस परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक बन्नाखेड़ा थाना बाजपुर निवासी राजीव दिवाकर 31 वर्ष पुत्र ओम चरण पेशे से डंपर चालक है। पता चला है कि गति शुक्रवार की शाम लगभग 7:00 बजे वह अपने 5 वर्षीय पुत्र शिवा को मोटरसाइकिल पर बिठाकर बाजार



की ओर चीज दिलाने गया था इसी दौरान बन्ना खेड़ा में अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली के चालक ने तेजी व लापरवाही से मोटरसाइकिल में टक्कर मारकर बाइक चला रहे डंपर चालक को मौत के घाट उतार दिया। एक्सीडेंट की घटना में मोटरसाइकिल पर पीछे सवार 5 वर्षीय मासूम गंभीर रूप से लहूलुहान हुआ जिसे उपचार के लिए काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है (शेष पृष्ठ सात पर)

## सहारा सिटी में मिला युवक का शव मिलने से सनसनी

काशीपुर। प्रतापपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में एक युवक का शव पानी में पड़ा पाया गया। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कर ली। वह मोहल्ला अल्ली खां का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक प्रतापपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में सहारा सिटी के अंदर पानी से भरे गड्ढे में आज सुबह एक युवक का शव पड़ा पाया गया। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने (शेष पृष्ठ 7पर)

# आचार संहिता से पहले पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल

## एसएसपी ने किये 22 दरोगाओं समेत 36 पुलिस कर्मियों के तबादले

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. मंजूनाथ टिसी ने आचार संहिता लागू होने से पहले जनपद पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल करते हुए 22 दरोगाओं समेत 36 पुलिस कर्मियों के तबादले किये हैं। एसएसपी ने पुलिस लाइन में लम्बे समय से तैनाती का इंतजार कर रहे कई दरागाओं को भी थानों में तैनात किया है। इनमें जनपद नैनीताल से आये कई दरोगा भी शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक एसएसपी ने उपनिरीक्षक अनिल जोशी को दिनेशपुर थाने से थाना झनकईया, नंदन सिंह रावत को पुलिस लाइन से थानाध्यक्ष दिनेशपुर, झनकईया थानाध्यक्ष रविन्द्र बिष्ट को थाना अध्यक्ष पुलभट्टा, कोतवाली बाजपुर के वरिष्ठ उपनिरीक्षक जसवीर चौहान को थानाध्यक्ष गदरपुर,किच्छा कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक विनोद फर्त्याल को कोतवाली बाजपुर, एसओजी प्रभारी काशीपुर विनोद जोशी को कोतवाली किच्छा, लालपुर चौकी प्रभारी सतीश



शर्मा को कोतवाली काशीपुर, थाना ट्रांजिट कैम्प से कविन्द्र शर्मा को कोतवाली सितारगंज, प्रभारी एएनटीएफ उधम सिंह नगर राजेश पाण्डे को कोतवाली जसपुर, प्रकाश चन्द को कोतवाली बाजपुर से प्रभारी एसओजी काशीपुर, चौकी प्रभारी सकैनिया भूपेन्द्र रंसवाल को चौकी प्रभारी लालपुर, नरेन्द्र कुमार को थाना कुण्डा से प्रभारी चौकी सकैनिया, कलकत्ता फार्म चौकी प्रभारी दिनेश चन्द्र भट्ट को थाना ट्रांजिट कैम्प, थाना ट्रांजिट कैम्प से धीरेन्द्र पंत को चौकी प्रभारी कलकत्ता फार्म, बाजार चौकी जसपुर के प्रभारी कौशल भाकुनी को प्रभारी एनएनटीएफ उधम सिंह नगर, कोतवाली जसपुर से सुशील कुमार को बाजार चौकी प्रभारी जसपुर के पद पर स्थानांतरित किया है। इसके अलावा पुलिस लाइन से उपनिरीक्षक दीपक जोशी को कोतवाली रूद्रपुर, चन्द्र सिंह को कोतवाली रूद्रपुर, अर्जुन सिंह को कोतवाली किच्छा, जगत शाही को ट्रांजिट कैम्प, हरीश महर(शेष पृष्ठ सात पर)

# स्कूटी सवार दो स्मैक तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुखानी थाना पुलिस ने हजारों रुपए की स्मैक के साथ स्कूटी सवार दो नशा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार मुखानी थाने में तैनात उप निरीक्षक बीरेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ बीती देर शाम क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। पुलिस जब वासुदेवपुरम कालोनी के पूरब दिशा वाले गेट पर पहुंची तभी पुलिस टीम को एक काले रंग की स्कूटी संख्या यूके 04 एसी 5392 में दो युवक सवार आते दिखाई दिए। स्कूटी चला रहे युवक ने पुलिस को सामने से आते देखा तो उसने स्कूटी को तुरंत वापस मोड़ने का प्रयास किया। संदेह होने पर पुलिस कर्मियों ने भी उसे रोकने का प्रयास किया। आनन फानन में स्कूटी चालक कुछ दूर जाकर मोड़ वाहन से संतुलन खा बैठा और गिर गया। पुलिस ने तुरंत घेरा बंदी कर दोनों युवकों धर दबोचा। पकड़े गए युवकों ने पुलिस को अपना नाम पता कमलुवागांजा आरटीओ रोड निवासी सुधांशु कार्की और (शेष पृष्ठ सात पर)

# दो भाईयों पर जानलेवा हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप झील के सामने ठेली पर पकोड़ी विक्रेता भाईयों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया गया। सुरेश कुमार पुत्र तुलाराम निवासी शिव नगर, ट्रांजिट कैम्प, का कहना है कि उसकी झील पर आलू की पकोड़ी की



ठेली लगती है। 15 मार्च को रात्रि 09:30 बजे उसके पास में ठेली लगाने वाला दुकानदारउसे गालियां देने लगा जब उसका विरोध किया तो उक्त युवक ने फोन करके कई लड़को को बुला लिया और सभी लड़के उसे लात घूसो, डण्डो, लोहे की पॉनिया से बुरी तरह से मारने पीटने लगे। जब उसके भाई कृष्णपाल ने बीच बचाव करने का प्रयास किया तो उक्त लोगो ने भाई को भी मारापीटा। सुरेश का आरोप है कि हमलावर दुकानदार ने उसके ठेली में गल्ले में रखे हुये पांच हजार रुपए भी निकाल लिये और सभी लोग वहां से धमकी देकर भाग गये। इस घटना में उसे व उसके भाई को चोटे आयी है।

# लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन कंट्रोल रूम स्थापित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। लोक सभा चुनाव शांति पूर्वक, पारदर्शिता एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराने के लिए जनपद मुख्यालय पर निर्वाचन कन्ट्रोल रूम की



स्थापना जिला कार्यालय के अपदा प्रबन्धन कक्ष में कर दी गई है। जिसका दूरभाष नम्बर- 05944- 250222, 250481, 250500, 250501 एवं टोल फ्री नं0- 1950 है। जिलाअधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने शनिवार को कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया । उन्होंने कहा कि निर्वाचन के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए कन्ट्रोल रूम से सूचनायें प्राप्त कर सकते हैं। (शेष पृष्ठ सात पर)

भोग



बड़े दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पति **मंजीत सिंह भल्ला** का आकस्मिक निधन 11 मार्च 2024 को हो गया है उनकी आत्मिक शांति के लिए रखे गए **पाठ का भोग दिनांक 17 मार्च 2024 दिन रविवार** को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गोल मार्केट, रुद्रपुर में प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे पड़ेगा।

शोकाकुल परिवार

महेंद्र भल्ला-वनिता (भाई-भाभी) श्रीमती वीना भल्ला (पत्नी)
मनोज भल्ला-शिल्पी( भतीजा-वधू) राजन भल्ला (पुत्र)
संदीप भल्ला-मेघा( भतीजा-वधू) आदित्य भल्ला (पौत्र)
शिवम भल्ला( भतीजा) मानवी-रोहित मिड्डा (पुत्री-दामाद)
समस्त भल्ला एवं राणा परिवार उर्वशी-हरजिंदर सिंह(पुत्री-दामाद)
पूजा-सार्थक शर्मा (पुत्री-दामाद)

çfr"Bku&n'ku flg HkYyk eathr flg HkYyk Toly l
,.M cid l xky ekdV] :æ i j] ek- 87555 56226

# आचार संहिता लगते ही लागू होगी चुनाव आयोग की सख्त गाईडलाईन

## सार्वजनिक संपत्तियों से हटाये जायेंगे बैनर, प्रचार वाहन में एक झंडा लगाने की छूट

देहरादून। प्रदेश में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के बाद अगले 24 घंटे में सभी सरकारी संपत्तियों पर लगी प्रचार सामग्री हटा दी जाएंगी। यह काम चुनाव आयोग की राज्य इकाई के माध्यम से जिलावार कराया जाएगा। इसी प्रकार, जिन निर्माण या अन्य कार्यों के टेंडर पूरी में जारी हो चुके हैं और कार्यादेश जारी हो चुके होंगे लेकिन काम शुरू नहीं हो पाया, वह शुरू नहीं होगा। ऐसे ही कई अन्य बदलाव भी आचार संहिता के बाद नजर आएंगे। सभी सरकारी संपत्तियों से 24 घंटे के अंदर समस्त प्रचार सामग्री पोस्टर, बैनर, पंफ्लेट हटाए जाएंगे। सरकारी कार्यालयों, सभागारों, अधिकारियों के कक्षों में लगी सभी जीवित राजनैतिक महानुभावों की फोटो भी हटेगी। केवल राष्ट्रपति, राज्यपाल की फोटो लगी रह सकती है। लोक संपत्तियों बस स्टैंड, सड़क, सार्वजनिक चौराहों, बिजली के खम्बे, अंडरपास इत्यादि से 48 घंटे के अंदर समस्त प्रचार सामग्री पोस्टर, बैनर, पंफ्लेट हटाए जाएंगे। अपने निजी भवन पर बैनर, झंडा, कटआउट इत्यादि प्रतिबंधित नहीं है, बशर्ते भवन स्वामी ने ये काम अपनी इच्छा से किया हो। अधिकतम तीन झंडे लगा सकते हैं। प्रत्याशी भवन स्वामी की लिखित अनुमति के बाद ही निजी भवन पर अपनी प्रचार सामग्री लगा सकता है, जिसकी रिटर्निंग अफसर को जानकारी देनी होगी। नहीं तो 500 रुपये जुर्माना लगेगा। ऐसे काम, जिनका टेंडर निकलने के बाद वर्कऑर्डर हो चुका है लेकिन मौके पर भौतिक रूप से काम शुरू न हुआ हो, वह इस दौरान शुरू नहीं किए जा सकते। ऐसे काम जो मौके पर भौतिक रूप से शुरू हो चुके हैं, वह जारी रहेंगे। निजी वाहन पर बिना किसी दबाव झंडा, स्टीकर लगाया जा सकेगा, बशर्ते वह मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन न हो। दुपहिया वाहन से प्रचार के लिए आरओ से अनुमति जरूरी होगी, जिस पर एक झंडा लगाने की छूट होगी। ई-रिक्शा, तिपहिया वाहन एवं चौपहिया वाहन पर भी कोई बैनर अनुमन्य नहीं है। यदि ऐसा वाहन वैध प्रचार वाहन है तो उस पर केवल एक झण्डा (10.5 फीट) अनुमन्य है। वाणिज्यिक वाहनों पर प्रचार सामग्री अनुमन्य नहीं है। मतदान वाले दिन मतदाता अपने पोलिंग बूथ से 200 मीटर दूरी तक वाहन ले जा सकते हैं। पोलिंग बूथ के 100 मीटर की दूरी में निर्वाचन संबंधी अधिकारी, कर्मचारियों को छोड़कर अन्य सभी व्यक्तियों का मोबाइल फोन का इस्तेमाल निषिद्ध है। किसी भी रैली या जनसभा में उम्मीदवार द्वारा टोपी, मुखौटा, स्कार्फ आदि बांटा जा सकता है, जिसको उम्मीदवार के खर्चे में जोड़ा जायेगा, परंतु साड़ी, धोती, शर्ट आदि बांटे नहीं जा सकते। इसी प्रकार देवी, देवताओं के फोटो वाले स्टीकर, डायरी, कैलेंडर आदि बांटा जाना प्रतिबंधित है। ऐसा किया जाना धारा-171 बी आईपीसी के तहत मतदाता को रिश्वत देने की श्रेणी में आता है।

# नैनीताल जेल के जर्जर भवन का हाईकोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान

नैनीताल(उद संवाददाता)। नैनीताल हाईकोर्ट ने नैनीताल जेल में फैली अव्यवस्थाओं व जेल के जर्जर भवन का स्वत: संज्ञान वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद राज्य सरकार को जेल को शिफ्ट करने या इसका सुधारीकरण किए जाने को लेकर दस दिन के भीतर स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने अधिवक्ता श्रुति जोशी को इस मामले में न्यायमित्र नियुक्त किया है। कोर्ट ने उनसे कहा है कि वह जेल का निरीक्षण करें। कैदियों से मिलकर उनकी समस्याओं से कोर्ट को अवगत कराएं। जिससे कि जेल में बंद कैदी समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकें उन्हें रोजगारपरक प्रशिक्षण देने की व्यवस्था पर सुझाव देने को कहा है। ताकि जेल से बाहर आने के बाद वे बेहतर जीवन यापन कर सके। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी एवं न्यायमूर्ति रोकश थपलियाल की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने नैनीताल जेल के निरीक्षण के दौरान पाया कि 1906 में बना जेल का भवन काफी पुराना हो चुका है जो जर्जर हालत में पहुंच चुका है। जेल में क्षमता से अधिक कैदियों को रखा गया है। जेल में बंद कैदियों के लिए मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। जेल भवन मुख्य सड़क से काफी दूरी पर स्थित है। कैदियों के बीमार पड़ने पर उन्हें समय पर अस्पताल पहुंचाने की दिक्कतें होती है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि नैनीताल जेल भवन भूगर्भीय दृष्टि से भी संवेदनशील है। जो कभी भी भूस्खलन की जद में आ सकता है। जिसका हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया है।



# सीएम ने किया चम्पावत साइंस सिटी का वर्चुअल शिलान्यास

## 55 करोड़ 53 लाख रूपये की लागत से निर्मित होगा विज्ञान केंद्र



देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आवास सभागार में उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने 55 करोड़ 53 लाख रूपये की लागत से निर्मित होने वाले चम्पावत साइंस सिटी का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। उन्होंने इस मौके पर नशा मुक्ति केंद्र का भी शुभारम्भ किया। उन्होंने चंपावत में विज्ञान केंद्र के शिलान्यास की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह विज्ञान केंद्र हमारे आदर्श चंपावत के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड विज्ञान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट राज्य बने, इसके लिए हम निरंतर कार्य कर रहे हैं। तथा राज्य में विज्ञान प्रौद्योगिकी और नवाचार के प्रचार-प्रसार हेतु राज्य की नोडल संस्था, यूकॉस्ट के माध्यम से लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चम्पावत का विज्ञान केन्द्र राज्य में देहरादून, अल्मोड़ा के बाद तीसरा विज्ञान केंद्र होने जा रहा है तथा देश की 5वीं साइंस सिटी, देहरादून में बनने जा रही है। इससे पहले हाल ही में अल्मोड़ा में बने मानसखण्ड विज्ञान केन्द्र का भी लोकापर्ण किया गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारा देश विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है तथा भारत की नेतृत्व क्षमता को पूरे विश्व ने स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राज्य में विज्ञान, प्रौद्योगिकी व नवाचार के प्रचार-प्रसार हेतु "मुख्यमंत्री लैब ऑन व्हील्स" परियोजना के तहत प्रत्येक जिले के लिए चलती फिरती विज्ञान प्रयोगशाला "मुख्यमंत्री मोबाइल साइंस लैब" की भी मंजूरी दी गई है, जो प्रथम चरण में राज्य के चार जिलों में जल्द ही स्थापित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी व नवाचार पर उत्कृष्ट कार्य किए जाने पर यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत और उनकी टीम को शुभ कामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विज्ञान केन्द्र राज्य के छात्र-छात्राओं, शोध कर्ताओं और वैज्ञानिकों के लिए उत्साह और उत्कृष्टता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्री आर.के. सुधांशु, सचिव श्री शैलेश बगोली, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत सहित संबंधित पदाधिकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

# 27 अभ्यर्थियों को दिए नियुक्ति पत्र

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास परिसर में 27 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए। इसमें महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत चयनित 16 सुपरवाइजर तथा आबकारी विभाग के अंतर्गत चयनित 10 निरीक्षक व 01 कनिष्ठ सहायक शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपके अथक परिश्रम के परिणामस्वरूप, आपका चयन इन पदों पर हुआ है, इसलिए अपने जीवन में हमेशा अनुशासित होकर कार्य करें। इस अवसर पर सचिव तथा निदेशक महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग, आबकारी विभाग के अधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।



# पदक विजेता जु-जित्सू खिलाड़ियों को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। तृतीय जिला स्तरीय महिला जु-जित्सू प्रतियोगिता में मेडल जीतने पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय चौकुनी, विकासखंड रूद्रपुर के जु-जित्सू खिलाड़ियों और कोच हैप्पी सिंह को प्रधानाचार्या अनिता रावत, ओमप्रकाश शर्मा, विजय पाल ने विद्यालय में सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्या अनिता रावत ने कहा कि हमारे स्कूल के छात्र-छात्राओं ने पढ़ाई के साथ विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर स्कूल के साथ-साथ रूद्रपुर व जनपद को गौरव बढ़ाने का कार्य किया है। हमारी कोशिश है कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं को एक बेहतर प्लेटफार्म मिल सके और आने वाले भविष्य में स्कूल के विद्यार्थी अपने जीवन में बेहतर प्रदर्शन कर समाज के लिए एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें। कोच हैप्पी सिंह ने बताया कि विगत दिनों जिला जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर (रजि) की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला रूद्रपुर में तृतीय नि:शुल्क जिला स्तरीय महिला जु-जित्सू प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया था, जिसमें विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छ: स्वर्ण पदक, तीन रजत पदक, चार कांस्य पदक सहित कुल 14 पदक जीतकर ओवरऑल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अ प्रतियोगिता में जनपद की 127 बालिकाओं और 50 से अधिक बालक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें विद्यालय की अपर्णा, सुहाना, सुमित, राज, मनीष, करण ने स्वर्ण पदक ने स्वर्ण पदक अनामिका, अनम, रमन ने रजत पदक एवं सुहानी, अनीश, नकुल, दिली ने कांस्य पदक जीते। इस अवसर पर खेल शिक्षक मनोज अरोरा, अमन प्रसाद, कॉर्डिनेटर हेमलता मेर, शंकर सिंह अधिकारी, हरीश, विपुल, योगेश सहित अन्य विद्यालय स्टाफ ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।



# दर्जनों युवाओं ने थामा भाजपा का दामन

खटीमा(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कार्यशैली से प्रभावित होकर एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अबकी बार 400 पर के नारे को बुलंद करने के लिए एससी मोर्चा के अध्यक्ष नवल वाल्मीकि के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। वरिष्ठ नेता दान सिंह रावत एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने युवाओं को पार्टी का चिन्ह एवं माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का परिवार बढ़ता जा रहा है युवाओं ने मोदी सरकार साथ रहने का फैसला किया है देश में युवा वर्ग पीएम मोदी की नीतियों से प्रभावित है और भारतीय जनता पार्टी की तरफ जुड़ रहा है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी में सभी समाज के लोगों का स्वागत है।भाजपा सर्व समाज की बात करती है सबके विकास की बात करती है और सबके लिए काम करना चाहती है। भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और रीतियों से प्रभावित होकर हजारों युवा भारतीय जनता पार्टी से जुड़ रहे हैं। नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा ने सभी युवाओं का भारतीय जनता पार्टी में स्वागत किया। सदस्यता लेने वालों में विपिन कुमार, जयपाल आशू कुमार, मुकेश कुमार, भगवान दास, राम बहादुर, विशाल ,जतिन, अजय ,मनीष कौशल, राहुल कुमार ,सौरभ कुमार, रामबाबू, रोहित, दीपक, विकास कुमार, श्याम कुमार आदि शामिल थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष गंभीर सिंह धामी, संतोष अग्रवाल, नंदन सिंह, किशन सिंह किन्ना, रमेश जोशी, विमल मंडेला, मौनी पोखरिया, धना भंडारी, इंदरचंद, रेनू भंडारी, भुवन भट्ट आदि उपस्थित थे।



# राज्य महिला आयोग में नए सदस्यों की लिस्ट जारी

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड सरकार ने आम चुनावों की आचार संहिता लगने से पहले राज्य में दायित्वों का बंटवारा किया है। शासन ने राज्य महिला आयोग में नए सदस्यों की लिस्ट जारी कर दी है। उत्तराखंड महिला आयोग में 14 नई महिला सदस्यों को जगह दी गई है। अलग अलग जिले से महिलाओं को आयोग में सदस्य बनाया गया है। इस संबंध में शासन की ओर से आदेश जारी कर दिए गए हैं। इस लिस्ट में पिथौरागढ़ से रचना जोशी, चमोली से विजया रावत, यूएस नगर से कंवलजीत कौर, अल्मोड़ा से शोभा आर्या, बागेश्वर से गंगा खाती, टिहरी से सरोज बहुगुणा, चमोली की वत्सला सती को शामिल किया गया है। इसके साथ ही देहरादून की रेनुका पांडे, देहरादून से ही विमला नैथानी, हरिद्वार से कमला जोशी, नैनीताल से कंचन कश्यप, रुद्रप्रयाग से दर्शनी पवार का नाम भी शामिल है।

# सेवानिवृत्त आईपीएस पुष्पक ज्योति राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण के सदस्य बने

देहरादून। सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी पुष्पक ज्योति को शासन ने राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण का सदस्य मनोनीत किया है। उनके साथ सेवानिवृत्त आईपीएस अजय जोशी और वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन चंद तिवारी को भी सदस्य बनाया गया है। इनके अलावा देहरादून और हल्द्वानी के जिला पुलिस शिकायत प्राधिकरण में भी नए सदस्य बनाए गए हैं। देहरादून जिला पुलिस शिकायत प्राधिकरण में सेवानिवृत्त अपर सचिव सुमन सिंह वल्दिया और सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य कुसुम रानी नैथानी को सदस्य बनाया गया। हल्द्वानी में सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक निदेश चंद तिवारी को सदस्य बनाया गया है। सदस्यों के मनोनयन से संबंधित आदेश गृह विभाग ने गत 12 मार्च को जारी किया है।

# गधेरे में पेड़ पर लटका मिला शव

हल्द्वानी। काठगोदाम थाना क्षेत्र के गौला पुल के पास गधेरे में एक व्यक्ति का पेड़ से लटका शव मिला है। शव करीब दो हफ्ते पुराना होने का अनुमान है। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है।गुरुवार को गौला पुल के पास मवेशी चराने गए एक व्यक्ति ने गधेरे में पेड़ पर शव लटका देखा। उसने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतारा और आसपास पहचान के लिए जुट गई। काफी देर तक शव की पहचान न होने पर उसे मोर्चरी भेज दिया। पुलिस के अनुसार शव करीब दो हफ्ते पुराना हो सकता है। मौके से पुलिस को एक चश्मा, चप्पल और एक पेन मिला है। मृतक के शरीर पर जींस और शर्ट है। मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष बताई जा रही है। एसओ काठगोदाम विमल मिश्रा के अनुसार शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। साथ ही शिनाख्त के लिए पुलिस ग्रुप और सोशल मीडिया पर इसे साझा किया गया है।

# सभी बूथों पर शत प्रतिशत मतदान की तैयारियां शीघ्र पूर्ण करें : सीईसी

## दिव्यांग मतदाताओं को सक्षम ऐप से जोड़ा जाए, पोस्टल बैलेट आवेदन के लिए व्यापाक प्रचार प्रसार एवं मीडिया को आसानी से निर्वाचन का डाटा उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने शुक्रवार को सचिवालय में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन की दृष्टिगत स्वीप की स्टेट कोर कमेटी एवं स्टेट स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभिन्न संस्थाओं के साथ एमओयू भी साइन किए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी विभागों को जिम्मेदारी के साथ समयबद्ध तरीके से अपने लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अधिक से अधिक निर्वाचन तैयारियों, मतदाता जन जागरूकता के लिए चलाए जा रहे अभियानों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश के शत-प्रतिशत दिव्यांग मतदाताओं को सक्षम ऐप से जोड़ा जाए। इसके अतिरिक्त इसके अतिरिक्त 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को पोस्टल बैलेट आवेदन हेतु व्यापक प्रचार प्रचार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने परिवहन विभाग को मतदान ड्यूटी में लगने वाले समस्त वाहन चालकों एवं परिचालकों के सूची तैयार कर उनका शत प्रतिशत वोट सुनिश्चित करने और लोक निर्माण विभाग को सभी पोलिंग



बूथ पर व्हीलचेयर के लिए रैंप इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश में नेटवर्क सर्विस प्रोवाइडर्स के साथ भी बैठक ली। इस दौरान उन्होंने बीएसएनएल, एयरटेल, जियो एवं वीआई आदि नेटवर्क की दृष्टि से शैडो एरिया पोलिंग स्टेशनों को शीघ्र से शीघ्र नेटवर्क उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदण्डे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री प्रताप शाह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने प्रदेश में अधिक से अधिक मतदान कराए जाने एवं प्रचार प्रसार को लेकर सचिवालय में मीडिया एवं सोशल मीडिया टीम के साथ बैठक की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक प्रेस/मीडिया को आसानी से निर्वाचन का डाटा उपलब्ध हो सके इसके लिए मीडिया प्लान तैयार रखा जाए। उन्होंने कहा कि मीडिया के साथ लगातार वार्ता कर वांछित जानकारियां उपलब्ध कराई जाएं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रदेश में अधिक से अधिक मतदान कराए जाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एवं स्थानीय पर्वों पर विशेष गतिविधियों के माध्यम से लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया जा सकता है। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नमामि बंसल एवं सूचना अधिकारी श्री दिनेश कुमार सहित सोशल मीडिया टीम उपस्थित थी।

# पलायन को रोकने के लिए प्रभावी चिंतन करने की जरूरत : धामी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में ग्राम्य विकास एवं पलायन निवारण आयोग की 7वीं बैठक आयोजित की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पलायन रोकने के लिए प्रभावी चिंतन की जरूरत पर बल देने की बात कही। उन्होंने पर्वतीय क्षेत्रों में पलायन के कारणों का गहराई से अध्ययन किए जाने, युवाओं में स्वरोजगार के प्रति जागरूकता के लिए ग्रामीण उद्यमिता विकास कार्यशालाओं के आयोजन तथा जनपद स्तर पर जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के आस पास प्रदेश में आयोजित प्रवासी सम्मान समारोह के आयोजन तथा हाउस ऑफ हिमालयाज की सफलता के लिए राज्य के परंपरागत उत्पादों का



उत्पादन बढ़ाने पर ध्यान देने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड वेडिंग डेस्टिनेशन बने, इस दिशा में भी प्रयास होने चाहिए। यहां का नैसर्गिक सौंदर्य देश व दुनिया के लोगों को आकर्षित करता रहा है। राज्य सरकार वेडिंग डेस्टिनेशन के लिए राज्य में विस्तृत नीति तैयार करने जा रही है। बैठक में ग्राम्य विकास एवं पलायन निवारण आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. एस. एस. नेगी ने कहा कि आयोग द्वारा अब तक 21 रिपोर्ट राज्य सरकार को प्रस्तुत की जा चुकी हैं। जिनमें राज्य के विभिन्न जनपदों में सामाजिक, आर्थिक विकास को सुदृढ़ करने तथा पलायन को कम करने से सम्बन्धित सिफारिशें प्रस्तुत की गई हैं। बैठक में उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद श्री विश्वास डाबर, सचिव ग्राम्य विकास श्रीमती राधिका झा, आयोग के सदस्य श्री राम प्रकाश पैन्यूली, श्री दिनेश रावत, श्री सुरेश सुयाल, श्री अनिल सिंह शाही आदि उपस्थित रहे।

# संत समागम के उपलक्ष्य में श्री अखंड पाठ शुरू

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श कालोनी स्थित कुटिया संत बाबा गोपाल सिंह जी महाराज गुरद्वारे में हर वर्ष आयोजित होने वाले महान गुरमत एवं संत समागम के उपलक्ष में शनिवार प्रात: श्री अखंड पाठ का विधिवत शुभारंभ





हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संगत ने पहुंचकर माथा टेका व गुरु घर का आशीर्वाद प्राप्त किया। गौरतलब है कि मुंजाल परिवार की ओर से हर वर्ष कुटिया में महान गुरमत एवं संत समागम का आयोजन 18 मार्च को किया जाता है। समागम में बड़ी संख्या में संगत जुटती है। समागम के उपलक्ष में प्रात: ज्योति प्रज्वलित करके अखंड पाठ का शुभारंभ किया। इस दौरान गुरुद्वारे की मुख्य सेवादार अशोक मुंजाल ने बताया कि 18 मार्च को अखंड पाठ का भोग प्रात: 10 बजे पड़ेगा इसके उपरांत भव्य दीवान सजेगा गुरु का लंगर दोपहर 1 बजे से अटूट बरतेगा। इस अवसर पर भाई चमनजीत सिंह जी लाल दिल्ली वाले, देवेन्द्र सिंह कविश्री जत्था, भाई हरजिंदर सिंह जी कथावाचक यूके वाले, भाई गुरभेज सिंह जी कथा वाचक रुद्रपुर वाले, भाई पवनदीप सिंह जी कीर्तनी जत्था पटियाला वाले आदि कहीं सन्त महापुरुष सत्संग के माध्यम से संगत को आशीर्वचन देंगे व गुरु की महिमा का बखान कर संगत को निहाल भी करेंगे।इस दौरान अशोक मुंजाल, आशीष मुंजाल,विक्की मुंजाल ने सभी धर्म प्रेमियों से संत समागम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है। इस अवसर पर अशोक मुंजाल, हरीश मुंजाल, सुरेश मुंजाल,परमानंद मुंजाल , हरिचंद मुंजाल ,महंगा राम मुंजाल ,आशीष मुंजाल ,सुषमा मुंजाल, रेनू मुंजाल ,अंजली मुंजाल ,रीमा मुंजाल , राम चंद आहूजा , गौतम आहूजा , शिव कुमार गुम्बर , सोनू गुंबर , हरबंस गुम्बर ,नरेश गुलाटी ,प्रवीण अरोरा , सुरेंद्र फुटेला , राजेंद्र फुटेला, मनोज मुंजाल , मोनू मुंजाल, किशन सहगल बंटी सहगल, सुमित सहगल, जुगनू मुंजाल , दीपक मुंजाल , राम चंद भुड्डी गौरव भुड्डी, राजकुमार सीकरी, रोशन लाल तागरा, अशोक चोपड़ा मोहित चोपड़ा, आशा मुंजाल, हरवंश गुंबर, अशोक चोपड़ा, मोहित चोपड़ा, विक्की मुंजाल आदि शामिल थे।

# विधायक ने चुनाव प्रचार रथ को किया रवाना

रामनगर(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव 2024 की सरगर्मियां तेज हो गयी हैं। शनिवार को रामनगर में विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने रामनगर विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी रथ को रवाना करते हुए कहा कि पौड़ी लोकसभा क्षेत्र से पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी को पार्टी ने प्रत्याशी घोषित



किया है जिसको लेकर जनता के साथ ही कार्यकर्ताओं में भी भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में किए गए विकास कार्यों को लेकर जनता काफी खुश है तथा इन विकास कार्यों एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं आम जनता तक पहुंचाने के लिए आज इस चुनावी रथ को रवाना किया गया है। वहीं उन्होंने पौड़ी लोकसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी की ऐतिहासिक जीत का दावा करते हुए कहां की उत्तराखंड की पांचो सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की जनता और कार्यकर्ताओं के सहयोग से प्रचंड जीत होगी।

# रमजान आते ही फलों के दामों में उछाल

गदरपुर(उद संवाददाता)। रमजान आते ही बाजारों में खरीदारी और चहल-पहल बढ़ गई है जहां एक और खजला,फैनी और सेवाइयों की दुकानें सज गई तो वहीं फलों की ज्यादा खपत को देखते हुए फलों के दाम भी बढ़ गए हैं। बाजार अमूमन खरीददारों की भीड़ से व्यस्त रहते हैं लेकिन त्यौहार के खास मौके पर खरीदारी बढ़ जाती है। समाजसेवी



साकिर अली ने बताया कि मुस्लिम समुदाय रमजान के महीने को बहुत मुकद्दस मानता है। रमजान में ज्यादा से ज्यादा इबादत करने के साथ-साथ बहुत खुशी से गरीबों और जरूरतमंदों को दिल खोलकर जकात दान करता है। इसके लिए अपनी तैयारी करते हुए खाने-पीने की चीजों और पहनने के कपड़ों तक की खरीदारी करता है जिसके चलते बाजारों में खरीदारी करने वालों की भीड़ बढ़ जाती है शहरी में खाए जाने वाले पकवान खजला, फैनी और सेवइयां तथा इफ्तार में खाए जाने वाले पकवानों की भी दही फुल्की, गुलदाना,बिरयानी, पकौड़ी आदि शामिल है। सकैनिया मोड़ गदरपुर में फल विक्रेताओं की दुकान पर भी शाम होते अच्छी खासी भीड़ देखने को मिलती है फल विक्रेताओं ने फलों के दाम बढ़ा दिए हैं पिछले महीने बिकने वाले फलों में 60 रूपये किलो बिकने वाला अंगूर 100 प्रति किलो बिक रहा है 60रूपये बिकने वाला अमरुद 100 रूपये किलो बिक रहा है। 40 रूपये दर्जन का केला 60 रूपये दर्जन बिक रहा है। 40 रूपये किलो बिकने वाला संतरा 80 रूपये किलो बिक रहा है। 30 रूपये किलो बिकने वाला पपीता 40 रूपये में बिक रहा है। 70 रूपये बिकने वाला अनार 100 रूपये में बिक रहा है। अन्य फलों में भी 30 से लेकर 40 रूपये किलो तक की बढ़ोतरी हो गई है। खुशी और उमंग से भरे खरीदारों की भीड़ से बाजारों में दुकानदार व्यस्त नजर आ रहे हैं।

# तारकनाथ धाम में शिव भक्तों ने शुरू की अराधना

शक्तिफार्म(उद संवाददाता )। चैत्र मास में शिव आराधना का बंगाली समुदाय मे विशेष महत्व है। चैत्र महीने के प्रथम दिन से महीने भर के लिए शुरू की। बंगाली समुदाय में चैत्र मास में भगवान शिव की बाबा तारकनाथ के नाम से आराधना ,पूजा अर्चना की जाती है। चैत्र मास के प्रथम दिन तारकनाथ धाम पहुंचे। पूजा अर्चना के साथ पूरे चौत्र मास के लिए विधि विधान से पुरोहित सत्य चक्रवर्ती ने सन्यासी बने शिव भक्तों को जनेऊ धारण कराया



सुरेंद्रनगर के भगवान शिव के प्रसिद्ध मंदिर बाबा तारकनाथ धाम में सैकड़ों शिव भक्तों ने सन्यासी बनकर बाबा तारकनाथ भगवान शिव की आराधना शुक्रवार को सैकड़ो की संख्या शिव भक्त प्रात: स्नान आदि के उपरांत भगवा वस्त्र धारण कर सुरेंद्रनगर स्थित भगवान शिव की प्रसिद्ध मंदिर बाबा ।बाबा तारकनाथ के नाम पर सन्यासी बनकर सैकड़ो शिव भक्त महिला-पुरुष प्रतिदिन व्रत रखकर मंदिर मे भगवान शिव की पूजा अर्चना करेंगे।

# देश के लिए मांगी अमन चैन की दुआ

गदरपुर(उद संवाददाता)। मुकद्दस माहे रमजान के पहले शुक्रवार/जुम्मे की नमाज नगर एवं आसपास के ग्रामीण इलाकों में स्थित मस्जिदों में बड़े अकीदत के साथ पड़ी गई और मुल्क हिंदुस्तान के लिए अमन चौन की दुआ भी की गई। मुकद्दस रमजान माह के पहले शुक्रवार जुम्मे की नमाज में अन्य जम्मू के मुकाबले अधिक संख्या में नमाजियों ने नमाज अदा की गई नमाज से पहले मस्जिदों के पेश इमाम ने अपने खुतबे में लोगों को हिदायत दी कि रमजान माह मुकद्दश महीना है। इस माह में इबादत का सबब बहुत ज्यादा बढ़ जाता है यूं तो अपने समर्थ के अनुसार सदका दिया जाना चाहिए लेकिन सदके की अहमियत माह रमजान में बढ़ जाती है जुम्मे की नमाज के बाद पेश इमाम ने देश दुनिया में अमन चौन शांति की दुआ करते हुए भारत की तरक्की, खुशी, अमन चैन, शांति, एकता, अखंडता एवं आपसी भाईचारे की भी दुआ की।

# 24 मार्च को होगा होलिका दहन,17 मार्च से होलाष्टक

देहरादून। होलिका दहन पर इस बार देर रात तक भद्रा का साया रहेगा। इसके कारण इस बार प्रदोष काल में होलिका दहन नहीं किया जा सकेगा। भद्रा समाप्त होने पर ही होलिका दहन किया जाएगा। इसके लिए 1 घंटा 14 मिनट का ही समय रहेगा। इसी समय में ही होलिका दहन किया जाएगा। 24 मार्च को फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को होली का पर्व मनाया जाएगा। आचार्य डॉ. सुशांत राज ने बताया कि फाल्गुन पूर्णिमा तिथि 24 मार्च को सुबह 9:54 बजे शुरु होकर 25 मार्च को दोपहर 12:29 बजे तक रहेगी। 24 मार्च को सुबह 9:54 बजे से ही भद्रा लग जाएगी और रात 11:13 बजे तक रहेगी। भद्रा के कारण इस साल प्रदोष काल में होलिका दहन नहीं हो पाएगा। भद्रा के खत्म होने के बाद ही होलिका दहन किया जाएगा। बताया कि 24 मार्च को होलिका दहन के लिए शुभ मुहूर्त भद्रा के समाप्त होने के बाद रात 11:13 बजे से 12:27 बजे तक रहेगा। ऐसे में होलिका दहन के लिए 1:14 मिनट का ही समय रहेगा। होली के पर्व को लेकर 17 मार्च से होलाष्टक लग जाएगा। ऐसे में कोई भी शुभ कार्य नहीं किए जाएंगे। ज्योतिषाचार्य के मुताबिक, होली से आठ दिन पहले ही होलाष्टक लग जाता है। बताया कि होलाष्टक में शादी से लेकर कोई भी शुभ कार्य नहीं किए जाते।

# रुद्रपुर में महान गुरमत एवं संत समागम 18 मार्च को



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। आदर्श कॉलोनी स्थित समाधि श्री 108 संत बाबा गोपाल सिंह जी महाराज गुरुद्वारे में महान गुरुमत एवं संत समागम का आयोजन आगामी 18 मार्च को धूमधाम से किया जायेगा। समागम में कई संत महापुरुष पहुंचकर गुरु की महिमा का बखान करेंगे। जानकारी देते हुए गुरुद्वारे के सेवादार अशोक मुंजाल ने बताया कि श्रीमान 108 संत बाबा गोपाल सिंह जी की याद में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी 18 मार्च दिन सोमवार को महान गुरमत एवं संत समागम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त आयोजन पिछले 46 वर्षों से हर वर्ष निरंतर किया जा रहा है इस बार भी 16 मार्च को प्रात: 10 बजे से अखंड पाठ के भोग के साथ समागम का विधि वत शुभारंभ होगा। 18 मार्च दिन सोमवार को अखंड पाठ साहिब का भोग पड़ेगा और गुरु का लंगर अटूट बरतेगा। समागम में 18 मार्च को भव्य दीवान सजाया जायेगा।इस अवसर पर डेरा भजनगढ़ हरिद्वार के महंत मोहन सिंह,अमृत सागर गुरुद्वारा डेरा भजन गढ़ रुद्रपुर के महंत विक्रमजीत सिंह लाल आदि संत महापुरुष सत्संग के माध्यम से संगत को आशीर्वचन देंगे। भव्य दीवान में रागी जत्था ज्ञानी गुरबचन सिंह लाली दिल्ली वाले, ज्ञानी हरभजन सिंह हरिद्वार डेरा भजनगढ़ वाले, ज्ञानी तीरथ सिंह हरिद्वार डेरा भजनगढ़ वाले, भाई गुरजीत सिंह गोल मार्केट गुरुद्वारा रुद्रपुर वाले महिमा का बखान कर संगत को निहाल करेंगे। गुरुद्वारे के सेवादार अशोक मुंजाल, आशीष मुंजाल, विक्की मुंजाल ने सभी धर्म प्रेमियों से संत समागम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# किच्छा में भाजपा चुनाव कार्यालय का शुभारम्भ

किच्छा(उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी नैनीताल उधमसिंहनगर से सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट के किच्छा विधानसभा के चुनाव कार्यालय का विधि वत पूजन हवन के बाद टैक्सी स्टैंड





किच्छा पर प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, विधानसभा संयोजक राजेश शुक्ला, लोकसभा प्रभारी बलवंत सिंह भौर्याल, लोकसभा संयोजक विवेक सक्सेना, विधानसभा प्रभारी दर्जा मंत्री दिनेश आर्य ने फीता काटकर शुभारंभ किया। आदित्य कोठारी ने कहा कि किच्छा विधानसभा क्षेत्र से अजय भट्ट की ऐतिहासिक मतों से जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ता उत्साहित है। इस जीत से पीएम मोदी के नेतृत्व में देश विश्व गुरु की तरफ आगे बढ़ेगा। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि किच्छा विधानसभा क्षेत्र की जनता ने मन बना लिया है कि अबकी बार 400 पार के नरेंद्र मोदी के नारे को सार्थक करते हुए नैनीताल उधमसिंहनगर सीट से प्रत्याशी अजय भट्ट जी को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाएंगे। कार्यकर्ताओं ने किच्छा पहुंचे सभी वरिष्ठ नेताओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता डी एन मिश्रा, जिला महामंत्री अमित नारंग, जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, अक्षय अरोड़ा, अनिल यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मराज जायसवाल, संदीप अरोड़ा, सांसद प्रतिनिधि विपिन जलहोत्रा, हरीश खंडवानी, मूलचंद राठौर, दिव्यांश लूथरा, राजीव सक्सैना, ओम तनेजा, सुभाष तनेजा, सुरेंद्र चौधरी, जिला पंचायत सदस्य बंटी खुराना, पूरन भट, राजेश कोहली रज्जी, देवेंद्र शर्मा, कमलेश राठौर, गिरीश चतुर्वेदी, नितिन चरण वाल्मीकि, शिवम ओझा, मयंक तिवारी, करणवीर सिंह, करनजोत सिंह, पूनम अग्रवाल, सुरेंद्र चौधरी, लता सिंह, शैली फुटेला, रीता पांडे, आरती दुबे, पिंकी डिमरी, दीपा राय, दया दसीला, बलकेश चौधरी समेत सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नाला ,चाहरदिवारी सहित कई सड़कों का निर्माण शुरू



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर निगम की ओर से ट्रांजिट कैम्प स्थित शमशान घाट में बड़े नाले एवं चाहरदिवारी निर्माण कार्य के साथ ही विभिन्न वार्डों में दस नई सड़कों के निर्माण कार्य का शुक्रवार को निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता के साथ नारियल फोडकर शुभारम्भ किया। इस दौरान रामपाल सिंह का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया और निर्माण कार्य शुरू होने पर मिष्ठान वितरण कर खुशी मनाई गई। इस अवसर पर निवर्ममान मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि शहर के सभी वार्डों में बिना भेदभाव के विकास कार्य कराये जा रहे हैं। पांच वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने जनता की हर उम्मीद पर खरा उतरने की कोशिश की है, उनके कार्यकाल में स्वीकृत कई निर्माण कार्य वर्तमान में जारी है। आचार संहिता लागू होने से पहले कई नये काम शुरू करा दिये गये हैं। इन निर्माण कार्यों के शुरू होने से हजारों लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का सबका साथ सबका विकास का नारा आज धरातल पर नजर आ रहा है। डबल इंजन की सरकार में रूद्रपुर नगर निगम ने विकास के नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। विकास का यह सिलसिला आगे भी चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार के कार्यों को देखते हुए आज कांग्रेस के लोग लगातार भाजपा में शामिल हो रहे हैं। आगामी लोकसभा और निकाय चुनाव में कांग्रेस का सफाया तय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का उत्तराखण्ड से विशेष लगाव रहा है जिसका लाभ आज पूरे प्रदेश को मिल रहा है। धामी सरकार ने ऐतिहासिक फैसले लेकर उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में काम कर रही है। जिसके चलते आज प्रदेश की जनता पुन: केन्द्र में नरेन्द्र मोदी को पुन: प्रधान मंत्री के रूप में देखना चाहती है। राम पाल सिंह ने कहा कि आगामी लोक सभा चुनाव में भाजपा प्रदेश की पांचों सीटें जीतकर हैट्रिक बनायेगी। उन्होंने लोगों से आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी भट्ट के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान का आहवान किया।

# पुलिस ने पांच वारंटी किये गिरफ्तार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। आगामी लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे आपरेशन प्रहार के तहत रम्पुरा चौकी पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे पांच वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक हाशिम पुत्र छिददा निवासी वार्ड नंबर 17 खेड़ा ,फहीम पुत्र मेहंदी हसन निवासीप्रीत विहार फेस 5 रुद्रपुर , हरिओम पुत्र पीतांबर निवासी रमपुरा , छोटेलाल पुत्र रतनलाल निवासी वार्ड नंबर 22 रमपुरा, जाहिद पुत्र खलील अहमद निवासी प्रीत विहार कालोनी लम्बे समय से फरार चल रहे थे। जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में चौकी प्रभारी रम्पुरा नवीन बुधानी,एसआई विकास कुमार, एएसआई नवीन जोशी, ध्यान सिंह,जगदीश पाठक आदि शामिल थे।



# एसपी सिटी ने काठगोदाम थाने का किया निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र द्वारा थाना काठगोदाम का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम विमल कुमार मिश्रा थानाध्यक्ष काठगोदाम द्वारा थाने के सभी भवन व मालखाने का भ्रमण व निरीक्षण करवाया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय/परिसर में साफ सफाई अच्छी पायी गयी। थाना में उपस्थित पुलिस कर्मियों को शस्त्रों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी तथा पुलिस अधिकारी / कर्मचारियों द्वारा शस्त्रों को खोला व जोडा गया। सभी को निर्देशित किया गया कि किसी भी आकस्मिक स्थिति हेतु तैयारी के लिए पुलिस कर्मी लगातार शस्त्राभ्यास कराते रहें। थाना अभिलेखों को चौक करते निर्देशित किया गया कि थाने के महत्वपूर्ण रजिस्टर ग्राम अपराध रजिस्टर एवं त्योहार रजिस्टर को अप टू डेट किया जाए। महिला हेल्पडेस्क में नियुक्त पुलिस कर्मियों को प्राप्त होने वाली शिकायतों का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए गए।उन्होंने कहा कि आवासीय भवन जिनकी मरम्मत करने की आवश्यकता है, उनका प्रस्ताव बनाकर भेजें।सभी माल मुकदमाती व मोटर वाहन अधिनियम से संबंधित वाहनों को चौक किया गया। थाना प्रभारी को सभी माल मुकदमो का न्यायालय से



उचित प्रक्रिया द्वारा शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए। थाने पर प्राप्त होने वाली ऑनलाईन शिकायतों, अन्य शिकायती प्रार्थना पत्रों को चौक करने पर सभी प्रार्थना पत्र अध्यावधिक पाए गए।आपदा के सभी उपकरणों को चौक किया गया। सभी उपकरणों का बेहतर रख रखाव करने के दिशाख्रनिर्देश दिए गए। सभी अधिकारी/कर्मचारियों का सम्मेलन लिया गया। सभी की समस्याओं का समाधान किया गया। सभी कर्मियों को बीट पुलिसिंग को प्रभावी करने तथा आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत थाना क्षेत्र में अधिक से अधिक निरोध ात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। साथ ही किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर तत्काल उस स्थान पर जाकर तस्दीक करने के निर्देश दिए। आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत थाना क्षेत्र में मौजूद शस्त्र धारकों के शस्त्रों का सत्यापन कर जिलाधिकारी कार्यालय से मिलान करते हुए शस्त्रों को जमा करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। आगामी त्योहारी सीजन के दृष्टिगत अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी संभ्रांत व्यक्तियों एवं सीएलजी मेंबरों के साथ मीटिंग करने को कहा गया। उन्होंने कहा एसएसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे समस्त अभियानों जैसे ऑपरेशन ब्लैक मार्केट ऑपरेशन सैनिटाइजर आदि में विशेष ध्यान देते हुए अधिक से अधिक कार्यवाही करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान विमल मिश्रा थानाध्यक्ष समेत सभी चौकी प्रभारी तथा थाने केकर्मी मौजूद रहे।

# 24 मार्च को रात्रि 11.30 बजे होगा होलिका दहन



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला संचालन समिति की बैठक की अध्यक्षता समिति के रिसीवर एवं नगर मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी द्वारा की गई। बैठक में होलिका दहन को लेकर व्यास पुष्कर दत्त शास्त्री के निर्देशन में विचार विमर्श हुआ। और होलिका दहन कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 20 मार्च को प्रात: 9 बजे प्राचीन होलिका दहन स्थल पर एवं पटेल चौक में चीर बंधन का कार्यक्रम किया जाएगा। इसके पश्चात 24 तारीख को रात्रि 11:30 पर होलिका दहन प्राचीन होलिका दहन स्थल सिंधी चौराहे पर किया जाएगा। रंग 25 मार्च को खेला जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से सिटी मजिस्ट्रेट एबी बाजपेई व्यास जी पुष्कर शास्त्री, प्राचीन देवी मंदिर के गणेश दत्त जोशी, संचालन समिति के विवेक कश्यप, एनबी गुणवंत, भवानी शंकर नीरज ,मनोज गुप्ता भोलानाथ केशरवानी, प्रदीप जनोटी, तनुज गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, बसंत अग्रवाल, पंडित विवेक शर्मा, तरंग अग्रवाल, अजय मुन्ना, योगेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# विधायक सुमित ने सीसी सड़कों का किया शिलान्यास

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विधायक सुमित ने 22.75 लाख की सीसी सड़को का शिलान्यास एवं देवी मंदिर में जनमिलन केन्द्र के सौंदर्यीकरण व उच्चीकरण का लोकार्पण किया। वार्ड 48 मल्ली बमौरी, बलवंत कालोनी में सीसी मार्ग का शिलान्यास लागत रू 8.27 लाख, वार्ड 37 मित्र पुरम दमुवाढूँगा में सीसी मार्ग का शिलान्यास लागत 9.66 लाख एवं शीशमहल, श्रमिक बस्ती कर्नल वार्ड स्थित देवी मंदिर में जनमिलन केन्द्र के सौंदर्यीकरण व उच्चीकरण लागत रू 4.82 लला का विधिवत लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को विकास की सौगात प्रदान की। उन्होंने कहा कि आम जनमानस को सुगम आवागमन करने के लिए विधायक निधि से जितना संभव हो, लगातार कार्य किया जा रहा है। लोकार्पण कार्यक्रम में कांग्रेस महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, मुकुल बल्यूटिया, राजू नेगी, हेम पंत, गोपाल बिष्ट, बीएस पाँगती, शेर सिंह तोलिया, धीरेन्द्र पाँगती, प्रेम बृजवाल, बहादुर बिष्ट, गोकर्ण सिंह बिष्ट, हेम महतोलिया, हीरा पाँगती, सविता गुरुरानी, गीता बहुगुणा,मन्नू गोस्वामी, दीपा, सुनीता टम्टा, ममता नेगी, पवन कनौजिया, महेंद्र सिंह, मनोज आर्य, तारा सिंह महरा, लाल सिंह बोरा, धनी प्रसाद, रेनू शुक्ला, आकाश टम्टा, विराज आर्य, दौलत सक्ससेना, पुष्पा सम्मल, पंकज सनवाल, बालम सिंह मेहरा, सुरेन्द्र नगरकोटी, दिवेश तिवारी, बलवंत बोरा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।






# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## चुनाव में लुभावनी घोषणायें

देखने में आता है कि हर चुनाव में चाहे वह लोकसभा का हो या विधानसभा या फिर स्थानीय स्तर का चुनाव हो। ज्यों ज्यों चुनाव की तिथि नजदीक आती है केन्द्र एवं प्रदेश सरकारों द्वारा आम जनता को लुभाने के लिए योजनाओं-परियोजनाओं के अनावरण, वस्तुओं की कीमतों में कमी आदि की घोषणाएं करना प्रारम्भ कर दी जातीं है। घरेलू रसोई गैस की कीमतों में कमी करने के बाद अब पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो रुपए प्रति लीटर की कटौती भी इसी रणनीति का हिस्सा कही जा सकती है। भले ही विपक्षी दल सरकार पर इस मौके का राजनैतिक लाभ लेने का आरोप लगाते हुए दबे स्वर में इसका विरोध कर रहे हैं। लेकिन वोट की खातिर वह खुलकर सामने आने से कतरा रहे हैं। पिछले दो वर्ष से पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर बनी हुई थीं। हालांकि इस बीच कई बार कच्चे तेल की अन्तर्राष्ट्रीय कीमतों में उतार देखा गया। जिसे देखते हुए मांग की जाती रही कि पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतें में कटौती की जानी चाहिए। मगर तब सरकार ने तर्क दिया था कि तेल के दाम में कटौती इसलिए नहीं की जाएगी, ताकि इससे तेल कंपनियों को हुए घाटे की भरपाई हो सके। पहले के नियम के मुताबिक अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों के आधार पर पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में बदलाव किया जाता था। मगर सरकार ने इस तर्क के साथ तेल की कीमतों का निर्धारण खुद से करना शुरू कर दिया था कि कच्चे तेल की कीमतें कम होने पर तेल कंपनियों को जो कमाई होगी, उससे उन्हें अपना तेल का भंडार बढ़ाने में मदद मिलेगी। तेल की खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी का असर महंगाई पर भी पड़ता है। इससे माल ढुलाई का खर्च बढ़ता है, कृषि कार्य में उत्पादन लागत बढ़ जाती है, जिससे बाजार में वस्तुओं की कीमतें कई बार काबू से बाहर चली जाती हैं। इसलिए महंगाई पर काबू पाने के लिए तेल की खुदरा कीमतें संतुलित करने के सुझाव दिए जाते हैं। मगर विचित्र है कि खुदरा महंगाई चिंताजनक स्तर पर पहुंच जाने के बावजूद सरकार ने तेल की कीमतों को कम करने पर विचार नहीं किया। सबसे अधिक आरोप तेल पर लगने वाले उत्पाद शुल्क को लेकर उठता रहा है। खुदरा तेल की कीमतें इसलिए ऊंचे स्तर तक पहुंच गई हैं कि इस पर राज्य और केंद्र सरकार ऊंची दर से उत्पाद शुल्क वसूलती हैं। केंद्र सरकार एकमुश्त प्रति लीटर उत्पाद शुल्क लेती है, जिसे कम करने की मांग अनेक मौकों पर उठाई जाती रही, मगर एकाध मौकों पर उसमें कटौती की गई तो वह भी चुनाव का मौका था। मसलन, उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के वक्त केंद्र सरकार ने अपने उत्पाद शुल्क में कटौती की थी। जब केंद्रीय उत्पाद शुल्क में बढ़ोतरी की गई थी, तब भी यही तर्क दिया गया कि उस शुल्क का उपयोग तेल भंडारण बढ़ाने में किया जाएगा, ताकि आपात स्थिति में तेल की कीमतों पर काबू पाया जा सके। मगर वह भंडारण कितना हो पाया, इसका भी कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। डीजल और पेट्रोल आज आम उपभोक्ता के दैनिक खर्च में शुमार हो चुके हैं। इनकी कीमतें बढ़ने से उनके मासिक खर्च में बढ़ोतरी हो जाती है। सरकार के ताजा फैसले से निःसंदेह आम लोगों को कुछ राहत तो मिलेगी ही। साथ ही साथ सरकार भी लोकसभा चुनाव में इस घोषणा को भुनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगी।

# विधायक ने किया 1.45 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास

गदरपुर(उद संवाददाता)। विधायक अरविंद पांडे ने आचार संहिता लगने से पूर्व नगर पालिका परिषद के विभिन्न वार्डों में 1.45 करोड़ की लागत से होने वाले 18 निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा, विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है और सरकार द्वारा हर वर्ग के लोगों को लाभान्वित किए जाने के लिए विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। इस मौके पर ईओ संजीव मेहरोत्रा ,राकेश भुड्डी, रोहित सुदामा, विजय कश्यप, विजेंद्र कुमार ,संतोष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।





# चोरी की तीन बाईकों के साथ दो बाइक चोर किए गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। अलग-अलग स्थान से चुराई गई तीन मोटरसाइकिलों के साथ दो चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि बाइक चोरी की ताबड़तोड़ घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया। पुलिस की स्कीम में घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज को खंगालते हुए कुछ संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। इसी बीच रामनगर रोड पर वाहन चेकिंग के दौरान बाइक पर सवार होकर फर्राटा भर रहे दो संदिग्ध लोगों को पुलिस ने शक के आधार पर दबोच लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए दोनों ने अपना नाम कुमाऊं कॉलोनी कचनाल गाजी निवासी मलखान सिंह पुत्र रूप सिंह तथा दूसरे ने अपना नाम कमल सिंह पुत्र सुरेश निवासी उपरोक्त बताया। पुलिस ने गिरफ्तार बाइक चोरों की निशानदेही पर अलग-अलग स्थान से चुराई गई तीन मोटरसाइकिलों को बरामद किया। गिरफ्तार कमल सिंह के खिलाफ थाना कोतवाली में चोरी तथा शस्त्र अधिनियम के दो मुकदमे दर्ज हैं। इसी तरह गिरफ्तार मलखान सिंह के खिलाफ काशीपुर कोतवाली में चोरी तथा शस्त्र अधिनियम के चार मुकदमे दर्ज हैं। जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार बाइक चोरों का पुलिस द्वारा चलन करते हुए उन्हें जेल रवाना कर दिया गया।

# जीपीएस कॉलर के साथ मोतीचूर रेंज के जंगल में छोड़ी बाघिन

देहरादून। कॉर्बेट पार्क से लाई गई बाघिन को मोतीचूर रेंज के टाइगर बाड़े से जंगल में छोड़ दिया गया है। बाघिन की निगरानी जीपीएस कॉलर के माध्यम से की जाएगी। इसके लिए पार्क प्रशासन की आठ सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। रेंज के जंगल में अब बाघों की संख्या बढ़कर चार तक पहुंच गई है। शुक्रवार को मोतीचूर रेंज में वन मंत्री सुबोध उनियाल, पार्क निदेशक साकेत बडोला व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में बाघिन को टाइगर बाड़े से जंगल में छोड़ा गया है। वन मंत्री सुबोध उनियाल अधिकारियों के साथ दोपहर करीब 12 बजे राजाजी टाइगर रिजर्व की मोतीचूर रेंज के कोयलपुरा स्थित टाइगर बाड़े में पहुंचे। मचान से उन्होंने बाघ की गतिविधियों को देखा। जिसके बाद वनकर्मियों की टीम ने बाघिन को जंगल में छोड़ने के लिए बाड़े के दोनों गेट खोल दिए। करीब दो घंटे बाद बाघिन जंगल की ओर चली गई। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि टाइगर ट्रांसलोकेट से राजाजी में पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा। जिससे राजस्व में बढ़ोतरी होगी। पार्क निदेशक साकेत बडोला ने बताया कि बाघ की गर्दन में जीपीएस कॉलर लगाया गया है। सैटेलाइट जीपीएस और कैमरा ट्रैप के माध्यम से बाघिन की प्रत्येक मूवमेंट पर नजर रखी जा सकेगी। बाघ की निगरानी के लिए आठ सदस्यों की टीम का गठन भी किया गया है। इस मौके पर प्रमुख वन संरक्षक अनूप मलिक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। राजाजी टाइगर रिजर्व में बाघों के कुनबे को बढ़ाने के लिए कॉर्बेट पार्क से बाघों को ट्रेंकुलाइज कर मोतीचूर रेंज में छोड़ा जा रहा है। 16 मई 2020 को एक मादा बाघ, 9 जनवरी 2021 को एक नर बाघ, 16 मई 2023 को एक मादा बाघ को छोड़ा गया। 7 मार्च 2024 को कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की ढेला रेंज से मादा बाघ को ट्रेंकुलाइज कर रेंज के बाड़े में लाया गया, जिसे आज जंगल में छोड़ा गया। राजाजी टाइगर रिजर्व में अब बाघों की संख्या चार हो गई है। जिसमें एक नर और तीन मादा बाघ शामिल हैं। राजाजी टाइगर रिजर्व की मोतीचूर रेंज में बाघों को ट्रांसलोकेट किया जाना पार्क महकमे के लिए बड़ी उपलब्धि है। इससे पार्क के अधिकारी एवं कर्मचारी उत्साहित है।


## ARCHIDPLY INDUSTRIES LIMITED

(CIN: L85110UR1995PLC008627)

Regd. Office: Plot No. 7, Sector - 9, Integrated Industrial Estates, SIDCUL, Pant Nagar, Udham Singh Nagar, Rudrapur , Uttarakhand, 263153, Phone: 05944-250270, Fax: 05944-250269

Cor. Office: Plot No 2, Block No 1, W.H.S., Kirti Nagar, New Delhi-110015

Phone- 011-45530828, 011-45642555, Website: www.archidply.com, Email: cs@archidply.com

**POSTAL BALLOT NOTICE**

Members of Archidply Industries Limited ("the Company") are hereby informed that pursuant to Section 108 and Section 110 of the Companies Act, 2013, **("the Act")**, read together with the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, General Circulars No. 14/2020 dated April 8, 2020, No. 17/2020 dated April 13, 2020, No. 20/2020 dated May 05, 2020, No. 22/2020 dated June 15, 2020, No. 33/2020 dated September 28, 2020, No. 39/2020, December 31, 2020, No. 02/2021 dated January 13, 2021, No. 10/2021 dated June 23, 2021, No.20/2021 dated December 8, 2021, No.03/2022 dated May 5, 2022, No. 11/2022 dated December 28, 2022 and No. 09/2023 dated September 25, 2023 issued by the Ministry of Corporate Affairs (the "MCA Circulars"), and other applicable provisions, including any statutory modification or re-enactment thereof for the time being in force, the Company will seek approval of the Members by way of Postal Ballot process (Remote E-Voting) in respect of the Resolution as specified in the Postal Ballot Notice dated 25th January, 2024 alongwith explanatory statement thereto as required under the provisions of section 102 read with section 110 of the Companies Act, 2013.

In accordance with the aforesaid circulars, the notice of Postal Ballot will be sent only by electronic mode to those members whose email addresses are registered with the Depository Participants (DP) or the Company or Company's Registrar and Share transfer agent (RTA) viz KFIN Technologies Limited. These documents will also be available on the website of the Company at www.archidply.com on the website of KFin Technologies Limited at www.kfintech.com and on the website of the Bombay Stock Exchange at www.bseindia.com and National Stock Exchange at www.nseindia.com.

The Company would be providing remote e-voting facility to its members to enable them to cast their votes on the resolution set out in the Notice of the Postal Ballot. The Company has engaged the services KFin Technologies Limited Registrar and Share Transfer Agent of the Company for providing this facility to the Members. Detailed instructions in this regard will form part of the Notice of the Postal Ballot.

The Members whose e-mail addresses are not registered with the DPs or the Company or RTA are requested to register their e-mail addresses by following the instructions below:

1. **For Physical Shareholders -** Please provide prescribed form ISR-1 alongwith other requisite form (available on the website of the Company www.archidply.com), duly self-attested by the shareholder(s) to Company's RTA at their address at KFIN Technologies Limited, Selenium Tower B, Plot Nos. 31 & 32 |Financial District, Nanakramguda, Serilingampally Mandal, Hyderabad - 500 032.
2. **For Demat Shareholders -** Please update your email id and mobile no with your respective depository participants (DP) which is mandatory while remote e-voting.

**By order of the Board**
**For Archidply Industries Limited**
**Sd/-**
**Atul Krishna Pandey**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**Membership No. ACS 47815**

**Date: March 15, 2024**
**Place: New Delhi**


# धारचूला में सन 2000 के बाद आए व्यापारियों को किराए पर दिए मकान कराए जायेगे खाली

पिथौरागढ़ जिले के धारचूला में सन 2000 के बाद सभी व्यापारियों कि घर वापसी तय हो गई है। शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस धारचूला में व्यापार संघ अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह थापा की अध्यक्षता में कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक में यह फैसला लिया गया है। सन 2000 के बाद धारचूला नगर में व्यापार कर रहे बाहर के सभी व्यापारियों कि घर वापसी तय हो गई है। शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस धारचूला में व्यापार संघ अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह थापा की अध्यक्षता में कोर कमेटी की बैठक हुई। जिसमें चिन्हित व्यापारियों के द्वारा दिए गए दस्तावेजों की जांच के बाद 91 व्यापारियों का पंजीकरण सर्वसम्मति से निरस्त कर दिया गया। सभी व्यापारियों को शनिवार से अपने दुकान बंद रखने के लिए बताया गया है। व्यापार संघ के महासचिव महेश गर्ब्याल ने बताया कि व्यापार सिंह की कोर कमेटी ने सर्व समिति से 91 व्यापारियों के पंजीकरण को निरस्त कर दिया है।



पंजीकरण निरस्त होने के बाद सभी को अपने प्रतिष्ठान बंद रखने के लिए भी बता दिया गया है। व्यापार संघ अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह थापा ने बताया कि चिन्हित 175 व्यापारियों को सन 2000 से पूर्व व्यापार करने का प्रमाण देने के लिए समय दिया गया था। इसके बाद सर्वसम्मति से निर्णय ले लिया गया है।महेंद्र सिंह बुदियाल ने कहा कि बाहर के 91 व्यापारियों के जाने से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा। क्षेत्र में अराजकता की संभावनाएं भी कम हो जाएगी। बता दें कि, धारचूला में पिछले दिनों बरेली के मुस्लिम युवक द्वारा दो नाबालिक युवतियों को भगाकर ले जाने के बाद लोगों में काफी आक्रोश था। तब से लोकल लोग बाहरी लोगों को धारचूला छोड़ने की चेतावनी देते आ रहे है। बैठक में संरक्षक कमल कौशल, अध्यक्ष भूपेंद्र थापा उपाध्यक्ष प्रकाश गुंज्याल, महासचिव महेश गर्ब्याल, सचिव अश्विनी नपलच्याल, कोषाध्यक्ष खड़क सिंह दानू, नवीन खर्कवाल, राजेंद्र नबियाल, गजेंद्र गुंज्याल आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस पार्टी के दो पूर्व विधायकों ने दिया पार्टी से इस्तीफा, भाजपा में होंगे शामिल

उत्तरकाशी। गंगोत्री के पूर्व विधायक विजय पाल सजवाण और पुरोला के पूर्व विधायक मालचंद ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उत्तरकाशी जिले में कांग्रेस के लिए यह बड़ा झटका माना जा रहा है। पिछले दिनों ही उत्तरकाशी नगरपालिका के निवर्तमान अध्यक्ष रमेश सेमवाल ने भी पार्टी छोड़ दी थी।कांग्रेस में पार्टी छोड़ने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गढ़वाल संसदीय सीट के पूर्व प्रत्याशी मनीष खंडूड़ी ने कांग्रेस छोड़ कर पार्टी को झटका दिया था। अब टिहरी लोकसभा सीट पर कांग्रेस के दो पूर्व विधायकों ने कांग्रेस को अलविदा



कह दिया है। दोनों पूर्व विधायक आज शनिवार को भाजपा में शामिल हो सकते हैं। पार्टी के सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। एआईसीसी के सदस्य रहे सजवाण ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा को अपना इस्तीफा भेजा दिया है। जिसमें उन्होंने इस्तीफा देने की व्यक्तिगत वजह बताई है। राजनीतिक गलियारों और उत्तरकाशी जिलों में दो दिन पूर्व से चर्चाओं का बाजार गर्म था कि सजवाण जल्द भाजपा का दामन थाम सकते हैं। पुरोला विस के पूर्व विधायक मालचंद ने भी अपना इस्तीफा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को भेज दिया है। मालचंद पूर्व में भाजपा में रहे हैं।

# संदिग्ध हालात में फंदे पर लटका मिला छात्र

भीमताल । मेहरागांव के एक पीजी में रहने वाले छात्र का शव संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला। उसके दोस्तों ने 108 एंबुलेंस और 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना दी। 108 टीम ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।थानाध्यक्ष जगदीप सिंह नेगी ने बताया कि मेहरागांव में नीला सिंह के पीजी में मानस जोशी (23) पुत्र प्रकाश जोशी निवासी चांदमारी लोहाघाट किराए पर रहता था। मानस भीमताल के एक प्रतिष्ठित निजी कॉलेज में बीएससी अंतिम वर्ष का छात्र था। इन दिनों वह पेपर देने आया था। मानस ने अपने एक दोस्त को व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल कर आत्महत्या करने की सूचना दी। इस पर वह तत्काल उसके कमरे पर जा पहुंचा। वहां मानस फंदे पर लटका हुआ था। उसके हाथ पर घाव के निशान थे। दोस्त की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। उसे फंदे से उतारा गया, तब तक मानस की मौत हो चुकी थी। उसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।सूचना पर मृतक के पिता प्रकाश जोशी और रिश्तेदार भी पहुंच गए। उन्होंने उसके दोस्तों से घटना की जानकारी ली। फिलहाल परिजनों की ओर से पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है जिसके बारे में परिजनों को बताया गया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए नैनीताल भेजा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और सुसाइड नोट की जांच के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

# छात्रों को दी नशे के दुष्प्रभाव व बचाव की जानकारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उच्च न्यायालय के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित नशा विरोधी आंदोलन सप्ताह के तहत राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार सम्पूर्ण उत्तराखंड राज्य में नशे के बढ़ते मामलो की रोकथाम के दृष्टिगत,जागरूकता के उद्देश्य से 11मार्च से 18 मार्च तक संचालित विशेष नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल सुबीर कुमार के मार्गर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल श्रीमती बीनू गुलयानी द्वारा एमबीपीजी कॉलेज के एनएसएस के छात्रों हेतु प्राथमिक विद्यालय सुभाष नगर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे सचिव श्रीमती बीनू गुलयानी द्वारा छात्रों से युवा पीढ़ी में नशे के बढ़ते मामलो पर वार्ता करते हुए नशे के मामले बढ़ने के विशेष कारण क्यों युवा पीढ़ी नशे की ओर बढ़



रही है पर छात्रों के विचार जानने की कोशिश कर नशे के दुष्प्रभाव एवं उस से बचने के उपाय के विषय पर छात्रों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सचिव द्वारा सभी को नशे के दुष्प्रभाव,संबंधित दंडात्मक प्रावधान, समाज को नशा मुक्त बनाने में पेरेंटिंग, चाइल्ड काउंसलिंग, शिक्षको , संगति, अभिभावकों का योगदान आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई। सचिव ने छात्रों से इंटरेक्ट करते हुए आज की पीढ़ी क्यू नशे की चपेट मे आ रही है, एवम किस प्रकार से पेरेंटिंग एवम काउंसलिंग के माध्यम से रोका जा सकता है आदि बिंदुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में प्रशिक्षु न्यायाधीश नवीन राणा एवं कुमारी तान्या मिड्ढा द्वारा भी छात्रों को बेहतर भविष्य के लिए नशे से दूर रहने, किस प्रकार से स्वयं को नशे से बचाया जा सकता है, नशे के शारीरिक एवं सामाजिक दुष्प्रभाव एवं संबंधित दंडात्मक प्रावधान से जागरूक किया गया। पीएलवी श्रीमति नीमा जोशी द्वारा जिला विधिक सेवा के कार्यकलाप, निशुल्क विधिक सहायता, एलएसएमएस, एलएआईएस पोर्टल, नालसा टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में छात्रों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एमबीपीजी कॉलेज के डायरेक्टर, प्रोफेसर श्री भाकुनी, प्राथमिक विद्यालय सुभाष नगर के पदाधिकर्गण भी उपस्थित रहे।

# एसपी ने किया कांडा थाने का निरीक्षण

बागेश्वर(उद संवाददाता) पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोण्डे, द्वारा थाना कांडा का वार्षिक निरीक्षण किया गया थाने में पहुँचते ही पुलिस टीम द्वारा एसपी कोंडे को गार्द की सलामी दी गई।जिसके बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय के सीसीटीएनएस कार्यालय मालखाना, भोजनालय, बैरिक,आदि का निरीक्षण करते हुए थाना अभिलेखों (रोकड़ बही/ अपराध रजिस्टर /विवेचना रजिस्टर/ड्यूटी रजिस्टर आदि), आपदा प्रबंधन के उपकरणों व थाने में मौजूद अस्लाह/कारतूसों का निरीक्षण किया गया। साथ ही थाना अभिलेखों, आपदा उपकरणों का रखरखाव सही रखने एवं थाना भोजनालय, बैरिक व परिसर की सफाई व्यवस्था के सम्बन्ध में थाना प्रभारी खुशवंत सिंह को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों से असलाह/ कारतूसों की जानकारी लेकर उनकी हैंडलिंग करवाई गई। वही थाने में कार्यरत कर्मियों का सम्मेलन कर उनकी विभागीय व व्यक्तिगत समस्याओं के बारे में जानकारी ली।उन्होंने आगामी लोक सभा निर्वाचन के दृष्टिगत, शस्त्रों के सत्यापन, बीट सूचना पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु सभी अधिकारी /कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष की कार्यशैली और थाना क्षेत्र में आमजनमानस से बेहतर तालमेल होने थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात ग्राम प्रहरियों के साथ बेहतर तालमेल होने के चलते इसी तरह उत्कृष्ट कार्य करते हुए बेहतर कार्य करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपाधीक्षक बागेश्वर अंकित कण्डारी, थानाध्यक्ष काण्डा खुशवन्त सिंह सहित एसपी कार्यालय में तैनात वाचक आनन्द लाल आदि मौजूद थे।



# एनएसएस कैंप में शहीदों को याद किया

रामनगर (उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय मालधनचौड़ के एनएसएस कैंप में आजादी के आंदोलन के शहीदों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से याद किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत 1857 के विद्रोह के अजीमुल्ला खां द्वारा लिखे गए प्रयाण गीत हम हैं इसके मालिक, हिन्दुस्तान हमारा के सार्वजनिक गायन से हुई।फिर जवाहरलाल नेहरू लिखित पुस्तक भारत एक खोज पर श्याम बेनेगल निर्देशित टी वी सीरियल के पहले एपिसोड भारत माता की जय को दिखाया गया। इस मौके पर भगतसिंह और उनके साथियों के शहादत दिवस 23 मार्च को ध्यान में रख आजादी के आंदोलन में क्रांतिकारियों की भूमिका पर विस्तार से बात हुई। रचनात्मक शिक्षक मंडल के संयोजक नवेंदु मठपाल ने कहा भगतसिंह के दिशा निर्देशन में क्रांतिकारी एक वर्गविहीन,शोषण विहीन भारत की लड़ाई लड़ रहे थे।भारत की करोड़ों जनता के लिए भगतसिंह और उनके विचार हमेशा पथ प्रदर्शक बने रहेंगे।इस मौके पर कैंप प्रतिभागियों द्वारा भगतसिंह के लेख विद्यार्थी और राजनीति,बम का दर्शन, मैं नास्तिक क्यों हूं आदि का वाचन भी किया गया। बच्चों द्वारा मेरा रंग दे बसंती चोला, लसका कमर बाधा गीत भी प्रस्तुत किए गए। सल्ट महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.बीएम पांडे द्वारा बच्चों की कैरियर काउंसलिंग की गई। उन्होंने कहा हमें समय के महत्व को समझते हुए अपने लक्ष्य को ध्यान में रख पढ़ाई करनी होगी। सावित्री बाई फुले के जीवन पर केंद्रित फिल्म भी देखी गई। इस मौके पर प्रो. गिरीश पंत,कैंप प्रभारी डा. मनोज कुमार, सुजल कुमार,दीक्षा आर्या मौजूद रहे।



# पोस्ट मार्टम हाउस में अवैध वसूली का वीडियो वायरल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अवैध वसूली करने वालों ने अब पोस्ट मार्टम हाऊस को भी नहीं बख्शा है। किसी दुर्घटना मारे गये व्यक्ति के परिजनों से पोस्ट मार्टम हाऊस में यहां की देखभाल करने वाले व्यक्ति द्वारा अवैध वसूली किये जाने का वीडियो खूब वायरल हो रहा है। जिसमें पोस्ट मार्टम हाऊस में देखभाल करने वाले व्यक्ति मृतक के परिजनों से रूपये लेता दिखाई दे रहा है। बताया जाता है कि पोस्ट मार्टम हाऊस में देखभाल करने वाले व्यक्ति पिछले काफी समय से मृतक के साथ आये तमाम परिजनों से सामान के नाम पर अवैध वसूली कर चुका है। बताया जाता है कि वह व्यक्ति मृतक के कफन व पोस्ट मार्टम में काम आने वाले सामान के साथ ही अपने लिए बोतल के पैसे मांगता है। वह कहता है कि उसे सरकार से कुछ नहीं मिलता है। सारा सामान उसे ही लाना पड़ता है। उसका शिकार अक्सर गरीब या दूरदराज क्षेत्रों से आने वाले लोग ही बनते है। आज उसके द्वारा अवैध वसूली करते वीडियो वायरल होने के बाद क्या उसके खिलाफ कोई कार्रवाई होगी? इसमें संदेह बना हुआ है।

# चुनावी बॉण्ड देश का सबसे बड़ा घोटाला: गणेश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता डॉ गणेश उपाध्याय ने इलेक्टोरल बान्ड मामले में भाजपा सरकार पर गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर एसबीआई ने आधी अधूरी जानकारी ही चुनाव आयोग को दी है। इलेक्टोरल बान्ड भारत का सबसे बड़ा घोटाला है। इस भ्रष्टाचार में भाजपा सरकार पूरी तरह आकंठ डूबी हुई है। चुनावी बॉन्ड के खुलासे पर भारतीय जनता पार्टी में खामोशी है। अब सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) को इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़े यूनिक अल्फान्यूमरिक कोड नहीं बताने के मामले में नोटिस जारी किया है। यह कोड जारी होने के बाद भाजपा सरकार की करनी जनता के सामने आ जायेगी। इसी कोड के जरिए इलेक्टोरल बॉन्ड्स से चुनावी चंदा देने वालों और राजनीतिक पार्टियों के बीच मिलान संभव होगा। यानी पता चलेगा कि किस कंपनी या व्यक्ति ने किस राजनीतिक पार्टी को चुनावी चंदे के रूप में कितनी रकम दी है। आज देश के अंदर इस प्रकार की लूट मची है ,आखिर इसका जिम्मेदार कौन है ।इसका जवाब जनता आने वाले लोकसभा चुनाव में जरूर देगी।

# ईडीपी प्रशिक्षण का शुभारम्भ

गदरपुर (उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत संचालित 12 दिवसीय ईडीपी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शर्मिला सक्सेना एवं मंजूलिका राठौर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर अशोक कुमार, नोडल अधिकारी देवभूमि उद्यमिता योजना महाविद्यालय के प्राध्यापकों में डॉ. अर्चना वर्मा, डॉ.प्रमोद वर्मा, डॉ. श्रीहरि प्रसाद, डॉ.तनुजा परिहार, सुश्री प्रभजोत कौर, एवं प्रथम बैच में पंजीकृत 40 महाविद्यालय के छात्र छात्रा एवं पांच अन्य प्रशिक्षु उपस्थित रहे।




# शिविरार्थियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

गरुड़(उद संवाददाता)। सुमित्रानंदन पंत राजकीय महाविद्यालय गरुड़ के राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के दौरान शिविरार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। कार्यक्रम अधिकारी डॉ अवधेश तिवारी के नेतृत्व में शिविरार्थियों ने गोद लिए गांव गागरीगोल व सिलंगटीट के नौला,धारा की सफाई के साथ अन्य संपर्क मार्गो की झाड़ियों का कटान किया और गांवों में घर-घर जाकर नशे से होने वाली आर्थिक पारिवारिक, समाजिक तथा शारीरिक हानियों के संबंध में जानकारी दी। बौद्धिक सत्र में डॉ लता आर्या ने खानपान में विभिन्न विटामिन,प्रोटीन आयरन,कैल्शियम के श्रोतों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि स्वस्थ शरीर के लिए सभी तत्व आवश्यक मात्रा में प्राप्त होने जरूरी हैं, अन्यथा व्यक्ति का शरीर रुग्ण हो सकता है। उन्होंने विभिन्न तत्वों की कमी से होने वाली बीमारियों के बारे में भी बताया। इस दौरान शिविरार्थियों ने लोक गीत, लोकनृत्य, झौड़ा-चांचरी आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## पेज एक का शेष...

**आचार संहिता से पहले...** को थाना केलाखेड़ा, बीना पपोला को थाना केलाखेड़ा, संतोषी को थाना झनकईया, लोकेश रावत को थाना दिनेशपुर, नवीन चन्द्र जोशी को थाना कुण्डा स्थानांतरित किया है। इसके अलावा एएसआई भूपेन्द्र सिंह भाकुनी को झनकईया से एसपी काइम कार्यालय, केशव लाल को थानानकमत्ता से सीओ कार्यालय रूद्रपुर, हरीश चन्द्र सिंह को थाना पुलभट्टा से सीओ कार्यालय सितारगंज, जगत सिंह रौकली को पुलिस लाईन से थाना झनकईया, जगत सिंह बाफिला को पुलिस लाईन से थाना नानकमत्ता, विनीता नेगी को पुलिस लाईन से थाना पुलभट्टा, हेड कांस्टेबल वीरेन्द्र सिंह को कोतवाली जसपुर से थाना आईटीआई,हेड कांस्टेबल जगदीश सिंह को पुलिस लाईन से थाना नानकमत्ता, कांस्टेबल बाला सिंह को थाना झकनईया से थाना केलाखेड़ा, दीप चन्द्र को रूद्रपुर से थाना कुण्डा, दिनेश तिवारी को पुलिस लाईन से थाना नानकमत्ता,नरेश गिरी को किच्छा से फारेसिंग फील्ड यूनिट रूद्रपुर, नरेन्द्र बिष्ट को थाना ट्रांजिट कैम्प से कोतवाली बाजपुर, यशपाल आर्या को फोरेंसिक फील्ड यूनिट से कोतवाली किच्छा स्थानांतरित किया गया है।

**मजदूर पर काल बनकर...**खनन से ओवरलोड डंपर ने मजदूर को चपेट में लेकर उसे बुरी तरह कुचलते हुए मौत के घाट उतार दिया। घटना के घटते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। इस दौरान आरोपी डंपर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतक की शादी को लगभग 4 वर्ष हुए थे। उसके एक दो वर्ष की पुत्री राधिका है। घटना के बाद से पत्नी दीक्षा एवं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।वहीं अवैध खनन से से भरे वाहनों को लेकर लोगों में भारी रोष है। लोगों का कहना है कि सुल्तानपुर पट्टी चौकी क्षेत्र में शीशम गेट, मानकी घाट, सुरेंद्रजीत घाट, एवं पटौटी घाट के अलावा बन्ना खेड़ा पुलिस चौकी क्षेत्र में जोगीपुरा, गुच्छी घाट, त्रिलोक घाट, प्रधान घाट, होंडा घाट, इटववा घाट तथा बेंतखेड़ी में खनन माफियाओं की हौसले इस कदर बुलंद हैं कि वह पुलिस की शह पर चोरी और सीनाजोरी दोनों कर रहे हैं। ग्रामीणों की मानें तो अकेले बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी क्षेत्र में अब तक खनन भारी वाहनों की चपेट में आकर तीन दर्जन से अधिक लोग काल के गाल में चले गए।

**क्लीनिक संस्थान...**निवासी छिनकी किच्छा के रूप में हुयी। सूचना पर परिजन भी पहुंच गये। बताया जाता है कि मृतक क्लीनिक चलाता था। रात को वह खाना खाकर घर से निकला था उसके बाद वापस नहीं लौटा। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। मृतक दो भाईयों में छोटा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**स्कूटी सवार दो...**दूसरे ने संगम विहार कालोनी निवासी शक्ति आर्या बताया। तलाशी लेने पर उनके पास से कुल 16.3 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। युवकों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने यह स्मैक हल्द्वानी से ही एक व्यक्ति से खरीदी थी। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर उनकी स्कूटी सीज कर दोनों तस्करों को न्यायालय में पेश किया।

**लोकसभा चुनाव के लिए...**कन्ट्रोल रूम 24 घंटे कार्य करेगा जिसके संचालन हेतु 24 घंटे कार्मिकों की तैनाती की गई है। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डेय, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमाशंकर नेगी आदि उपस्थित थे।

**मनी लॉड्रिग मामले मे...**को तलब किया था। पिछली बार जब उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इसमें भाग लिया तो जब उन्हें दोबारा निर्देशित किया गया तो उन्होंने कहा कि वह शारीरिक रूप से उपस्थित होंगे। वे आज पेश हुए और बेल बॉन्ड जमा किया। जमानत मंजूर हो गई। ईडी के समन के संबंध में हमारा रुख स्पष्ट है कि वे कानून के अनुरूप नहीं हैं और अवैध है। अब ये कोर्ट तय करेगी, हमें न्यायालय पर पूरा भरोसा है। अदालत जो भी निर्णय लेगी, हमारा निर्णय उसी के अनुरूप होगा।

**सहारा सिटी...**पर उसने मौके पर पहुंचकर अभी तक के शव को कब्जे में लेते हुए अंत्य परीक्षण के लिए पीएम हाउस भेज दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान मोहल्ला अल्ली खां निवासी के रूप में हुई।

**ट्रैक्टर ट्राली....**जहां उसकी हालत लगातार नाजुक बताई जा रही है। मृतक के एक पुत्र तथा दो पुत्रियां हैं। मृतक तीन भाई तथा चार बहन है। भाइयों में वह सबसे बड़ा था। इसका एक भाई अविवाहित है। बाकी सब की शादी हो चुकी है। अचानक घटी घटना को लेकर परिवार में कोहराम मचा है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# तीन माह के आत्मसुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन



रुद्रपुर(उद संवाददाता)।समग्र शिक्षा, उत्तराखंड एवं जिला उधम सिंह नगर शिक्षा विभाग के अंतर्गत बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय, किच्छा, विकासखंड रूद्रपुर में तीन माह से चल रहे रानी लक्ष्मीबाई बालिका सुरक्षा कार्यक्रम आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन शुक्रवार को कराटे प्रतियोगिता के साथ किया गया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मीना शर्मा ने छात्राओं को खुद की सुरक्षा के लिए तत्पर रहने का संकल्प दिलाया। कहा कि सेल्फ डिफेंस का अर्थ है कि खुद की रक्षा करना न कि किसी को हानि पहुंचाना। महिलाओं को सेल्फ डिफेंस बहुत जरूरी है, इसलिए प्रशिक्षण में उन्हें हिस्सा जरूर लेना चाहिए ताकि वह मौका आने पर हर स्थिति से निपट सकें। साथ ही विद्यालय अध्यापिका रौनक बेगम ने कहा कि आज जिस तरह की घटनाएं महिलाओं और लड़कियों के साथ हो रहीं हैं, उसके लिए यह प्रशिक्षण काफी मददगार साबित होगा। प्रशिक्षण शिविर में जिला जु-जित्सू एसोसिएशन उधम सिंह नगर के महासचिव सेंसेई ऋषि पाल भारती एवं सहयोगी प्रशिक्षक गुलशन कुमार द्वारा छात्राओं में खुद की रक्षा का आत्मविश्वास जगाया गया, ताकि वे किसी भी परिस्थिति का सामना खुद कर सकें। सेंसेई ऋषि पाल भारती ने कहा कि अपराध समय और स्थान का इंतजार नहीं करता है, आपके साथ कोई अपराधिक घटना कभी भी और कहीं भी हो सकती हैं। छात्राओं को पंच बांधना, शरीर की कमजोर कड़ी पर वार करना, किसी की पकड़ से खुद को छुड़ाने के साथ पैरों से वार करना, पेन के जरिए हमला करना, दुपट्टे के इस्तेमाल से अटैकर को धूल चटाना जैसी तकनीकों के साथ साथ छात्राओं को की-हॉन में ब्लॉक, पंच, किक, काता, रोल, थ्रो एवं महत्वपूर्ण तकनीकों को सिखाया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयुवर्गों की फाईटिंग इवेंट में सुमन, शिवानी, कशिश, अंजली, साहिबा, मन्तशा, हरप्यारी, मुस्कान, खुशी गुप्ता ने स्वर्ण पदक, कशिश, आकांशा, अंशिका, नेहा, मन्तशा, शिवानी, सहरीन, फिजा, चरणजीत ने रजत पदक, गुलनाज, शिवानी, आलाफिया, रीफा, मुस्कान, सोनी देवी, अलीशा, कुमकुम, दीपिका, कविता, शिफा, चांदनी, दीपांशु, नूरशिफा, नाजिया, आरजू, युसूफा, मनीषा ने कांस्य पदक प्राप्त किए। समापन अवसर पर सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की रोनक बेगम, अल्पना चतुर्वेदी, कविता वर्मा, पूनम चड्ढा, ललिता चौबे, चारू त्यागी, कलावती पांडेय सहित अन्य अभिभावक मौजूद रहे।

# पानी की किल्लत से श्रमिक परेशान

चोरगलिया(उद संवाददाता)। उत्तराखंड सरकार को अपने राजस्व की चिंता तो है, लेकिन जिन नदियों में श्रमिक काम करते हैं उन श्रमिकों की परेशानी से ना तो वन निगम को कोई फर्क पड़ रहा है, ना ही सरकार इसमें कोई सुध लेती नजर आ रही है। उत्तराखंड की नदियों में उत्तर प्रदेश के साथ-साथ बिहार से हजारों की संख्या में श्रमिक काम करने के लिए आते हैं, श्रमिकों को वन निगम द्वारा कंबल, दवाइयां, जूते, पानी के थर्मस इत्यादि कई उपकरण दिए जाते हैं, जो एनजीटी के नियमों में भी सम्मिलित हैं, लेकिन यहां वन निगम की कहानी रामभरोसे नजर आ रही है, मार्च माह बीतने को है, गर्मी अपनी चरम सीमा पर है, लेकिन श्रमिकों को पानी की किल्लतों से जूझना पड़ रहा है, नदी के गेटों पर लगे पानी के नल सूखे पड़े है। सामना तो करना पड़ ही रहा है, वही पानी के टैंकर नदियों में न होने से श्रमिकों को पानी की बूंद भी नसीब नहीं हो रही है। श्रमिकों का कहना है वह कई किलोमीटर दूर से पानी पीने की व्यवस्था जैसे तैसे कर रहे हैं। बड़े सवाल वन निगम के ऊपर खड़े होते नजर आ रहे हैं कि आखिर वन निगम के द्वारा अक्टूबर माह में पानी के टैंकर की टेंडर प्रक्रिया कर दी गई थी, बावजूद उसके अभी तक नंधौर नदी के गेटों में पानी का छिड़काव नहीं हो पा रहा है, वहीं दूसरी तरफ श्रमिकों को मिलने वाली सेवाए भी ठंडे बस्ते मैं नजर आ रही है। पानी के टैंकरों की टेंडर प्रक्रिया अक्टूबर माह में हो चुकी है, लेकिन वर्तमान में गेटों पर पानी का छिड़काव व नदी में पानी का छिड़काव न होने की वजह से, वन निगम के कर्मचारियों व श्रमिकों को धूल का



# पुलिस ने तोड़ी कच्ची शराब की भट्टी



कालाढूंगी(उद संवाददाता)। पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक कच्ची शराब की भट्टी को नष्ट कर दिया। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देशन में जनपद में चलाए जा रहे नशे के खिलाफ अभियान के तहत शुक्रबार को थाना अध्यक्षभगवान सिंह महर कोटाबाग चौकी प्रभारी रमेश चन्द्र पन्त, के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखविर की सूचना पर गडप्पू जंगल क्षेत्र से अभियुक्त मंगत सिंह पुत्र इन्दर सिंह निवासी ग्राम मोहली जंगल पोस्ट ऑफिस बजूवानगला थाना केलाखेडा जनपद उधम सिंह नगर को कच्ची शराब बनाते समय मय शराब भट्टी, व कच्ची शराब बनाने के उपकरण व 60 लीटर अवैध कच्ची के साथ गिरफ्तार किया गया तथा मौके दो लोहे के ड्रम , दो मिट्टी की हांडी, दो पाईप, प्लास्टिक का टब, दो ड्रमों डर्मू में करीब 200 लीटर लहन को भी नष्ट किया गया।अभियुक्त के विरूद्ध थाना कालाढूंगी में एफआईआर 27/2024 धारा 60(1) , 60(2) आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया, जिसके बाद अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। टीम में उपनिरीक्षक रमेश चन्द्र पन्त,अखिलेश तिवारी, हीरा राम,स्वरूप सिंह, रविन्द्र सिंह आदि पुलिस कर्मी शामिल थे।

# श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या धाम रवाना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बद्री केदार सेवा मंडल के तत्वाधान में श्रद्धालुओं का जत्था शनिवार सुबह श्री रामलला दर्शन के लिए अयोध्या रवाना हुआ। इस दौरान जय श्री राम के उदघोषों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने बताया कि अयोध्या में दर्शन के बाद सभी श्रद्धालु 19 मार्च की रात्रि वापस लौटेंगे। को रात वापसी आए गी यात्रियों ने जय श्रीराम का नाम उद्घोष करते हुए रवाना हुए। इस दौरान जत्थे में अशोक गुम्बर, रोनिक नारंग, अनिल कालरा, ज्ञान अरोरा, सरला अरोरा, रमेश चौहान, यमन बब्बर, राजू,प्रमोद शर्मा,राजू त्रिखा,सोनू मदान, विशाल आनंद , गुलशन नारंग, हिमांशु मदान, सक्षम छाबड़ा, दीपांशु बब्बर, त्रिवेन्द्र रावत आदि शामिल थे।



# हल्द्वानी में काठगोदाम से लामाचौड़ तक बनेगी रिंग रोड, प्रस्ताव भेज

हल्द्वानी। हल्द्वानी में रिंग रोड बनने की एक बार फिर आस जगी है। शासन रिंग रोड को दो चरणों पर करने में विचार कर रहा है। लोनिवि ने काठगोदाम से वाया कठघरिया होते हुए लामाचौड़ तक रिंग रोड बनाने का प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। यह सड़क 16.73 किलोमीटर लंबी है। इस सड़क पर 792.42 करोड़ रुपये खर्च होना है। लोनिवि ने शासन से जमीन अधिग्रहण के लिए बजट मांगा है। शहर पर लगातार यातायात दबाव बढ़ रहा है। इसे देखते हुए 51 किलोमीटर रिंग रोड का प्रस्ताव बनाया गया। इस रिंग रोड को चार सेक्टर में बांटा गया। इनमें से दो सेक्टर पर एनएचएआई काम कर रहा है। लोक निर्माण विभाग के पास काठगोदाम से कठघरिया होते हुए लामाचौड़ और लामाचौड़ से जंगल किनारे-किनारे होते हुए गन्ना सेंटर रामपुर रोड तक का काम है। अब लोनिवि सेक्टर चार काठगोदाम से कठघरिया होते हुए लामाचौड़ तक रिंग रोड बनाने पर विचार कर रहा है। लोनिवि ने शासन को काठगोदाम से कठघरिया होते हुए लामाचौड़ 16.73 किलोमीटर लंबी सड़क के लिए 792.42 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा है। दूसरे चरण में सेक्टर एक में रखे गए लामाचौड़ से फुटकुआं के बीच रिंग रोड बनाने की योजना है। करीब 11.13 किलोमीटर लंबी सड़क पर काम किया जाएगा। इसमें 22.36 हेक्टेयर वनभूमि, 27.17 हेक्टेयर कृषि भूमि और 2.66 हेक्टेयर निजी भूमि आ रही है। इस सेक्टर में 275 पेड़, 143 बिजली के पोल, 7 टेलीफोन पोल, 3 स्ट्रीट लाइन,7 ट्रांसफार्मर को हटाया जाएगा। इस सड़क को बनाने में करीब 415.24 करोड़ रुपये के खर्च का अनुमान है, जिसका प्रस्ताव लोनिवि ने तैयार किया है।


